महत्वपूर्ण एवं खास

कलेक्टर यशवंत कुमार ने मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर निशा को दी बधाई

न्याय साक्षी/रायगढ़। कलेक्टर यशवंत कुमार ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रायगढ़ जिले के अभिनव विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल पुसौर की छात्रा कु. निशा पटेल को फोन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर यशंवत कुमार ने कहा कि छात्रा निशा पटेल ने अथक मेहनत एवं लगन से 99.33 प्रतिशत प्राप्त कर यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है एवं जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने निशा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे भी इसी तरह उपलब्धियां हासिल कर सफलता के नये आयाम प्राप्त करें।

छत्तीसगढ़ में लू चलने की चेतावनी

न्याय साक्षी/रायगढ़। मौसम विज्ञान केन्द्र लालपुर रायपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 48 घंटे के लिए बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में एक दो स्थानों पर लू चलने की अतिसंभावना है। भीषण गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित होता है एवं जन साधारण को स्वास्थ्यगत गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विशेषकर स्कूली बच्चों, वृद्धों, दैनिक मजदूरों एवं यात्री आदि को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल के संकट की स्थिति निर्मित हो सकती है। कलेक्टर रायगढ़ द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिले में सर्वोच्च प्राथमिकता से अधिक से अधिक लू से बचाव संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर समुचित प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया है, ताकि लोगों में जागरूकता आ सके एवं लू से होने वाली क्षति से बचा जा सके।

बरमकेला पुलिस ने पकड़ा 20 लिटर अवैध महुआ शराब

न्याय साक्षी/रायगढ़। बरमकेला थाना क्षेत्र के ग्राम गोबरसिंघा में महिला समुह द्वारा आज सुबह करीब 11 बजे अवैध शराब पकडकर रखे होने की सूचना थाना बरमकेला में दिया गया । सूचना तस्दीक पर थाना बरमकेला से प्र0आर0 रजनीकांत मिश्रा हमराह स्टाफ को साथ लेकर ग्राम गोबरसिंघा पहुंचे, जहां बिजली तालाब के पास महिला समुह की महिलाएं तालाब के पास गांव के नरेंद्र सिदार द्वारा अवैध शराब बिक्री के लिए रखा 20 लीटर महुआ शराब को रखी हई थी । गांव के लोगों ने बताया कि नरेंद्र सिदार अवैध रूप से महुआ शराब बेचता था जिसे आज पकडने आये तो शराब छोड़कर भाग गया है । बरमकेला पुलिस द्वारा मौके से शराब जप्त कर आरोपी नरेन्द्र उर्फ मोंटू सिदार निवासी गोबरसिंघा के विरूद्ध धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है ।

अज्ञात वाहन की ठोकर से श्रमिक की मौत

न्याय साक्षी/रायगढ़। अज्ञात वाहन की ठोकर से बाईक सवार ठेका श्रमिक की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिचोला थाना पल्लारी, बलौदाबाजार निवासी विमलेश ध्रुव पिता लक्ष्मण ध्रुव उम्र 40 वर्ष प्रेमनगर धरमजयगढ में रेल्वे ब्रिज के लिए पुलिया निर्माण कार्य में ठेकेदार के अधीन ग्राम चपले में रहकर स्टोर में रखे सामान का देख - रेख करता था । कल सुबह विमलेश ध्रुव चपले से मोटर सायकल क्रं सीजी 11 सीएफ-1885 में गोंटी , पाना सामान लेकर धरमजयगढ आ रहा था कि ग्राम हाटी चेपटी पुलिया पास कोई अज्ञात वाहन का चालक विमलेश ध्रुव को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई ।

जेएसपीएल ने हासिल किया 665 करोड़ का रेल सप्लाई ऑर्डर

» रेल विकास निगम लिमिटेड से मिला 89042 टन रेल आपूर्ति का आर्डर » जेएसपीएल के रायगढ़ संयंत्र में होगा रेल का उत्पादन

न्याय साक्षी/रायगढ़। जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड ने एक बार फिर रेल आपूर्ति का बड़ा अवसर हासिल किया है। कंपनी को रेल विकास निगम लिमिटेड से 13 मीटर लंबाई वाली 89042 टन रेल की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। इसकी कीमत लगभग 665 करोड़ रुपए है। रेल विकास निगम लिमिटेड ने 8 मई को इस ऑर्डर के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया। भारतीय रेलवे को तय समय सीमा से पहले ही रेल की आपूर्ति सफलतापूर्वक पूरी करने के बाद देश में निजी क्षेत्र की इकलौती रेल निर्माता कंपनी जेएसपीएल को दूसरी बार रेल आपूर्ति का बड़ा ऑर्डर हासिल करने में कामयाबी मिली है। रेल विकास निगम लिमिटेड ने देश में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए जारी अपनी परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए जिंदल स्टील एंड पॉवर लिमिटेड पर अपना भरोसा जताया है। आरवीएनएल ने जेएसपीएल को 89 हजार टन से अधिक रेल की आपूर्ति का ऑर्डर दिया है। इसके तहत जेएसपीएल को 13 मीटर लंबाई वाली 'यूआईसी 60 किलोग्राम आईआरएस टी-12 880' ग्रेड की रेल की आपूर्ति करनी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जेएसपीएल के संयुक्त प्रबंध निदेशक नौशाद अख्तर अंसारी ने कहा कि 'यह पूरे जेएसपीएल परिवार के लिए गर्व का विषय है। हमारी उपलब्धियों को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे ने एक बार फिर कंपनी पर विश्वास जताया है। यह ऑर्डर रेल निर्माण के क्षेत्र में जेएसपीएल के उज्जवल भविष्य का मजबूत आधार बनेगा।'

लूटपाट करने वाले 02 युवक गिरफ्तार

बुधवार की शाम की थी 50 हजार की लूट

न्याय साक्षी/रायगढ़। बुधवार की शाम एक अजीब वाक्या हुआ। जब कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बड़पारा पुराना शराब भट्टी में खुसीराम नायक निवासी रक्सापाली देसी दारू का पौवा लेने आया था। उस दौरान स्टाइगर जुआ खेलवा रहे दो युवकों ने उससे 50,000 रुपये मारपीट कर लूट लिए।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रक्सापाली थाना भूपदेवपुर में रहने वाला खुशी राम नायक पिता रेशम लाल नायक जे0ए0डब्लू0 नहरपाली में अपरेटर का काम करता है। 08 मई की शाम करीब 04 बजे खुशी राम नायक रायगढ आया था और ग्राम उसरौट के नरेश पटेल से 50,000 रू उधारी लिया था। रूपयों को खुशीराम अपने पर्स में रखकर बडपारा शराब भट्टी लेने गया , वहां से शराब खरीदकर शाम करीब 05 बजे बाईक पकड कर घर जाने वाला था । उसी समय दुकान के पास गली में खडे कुछ लड़कों में से दो लड़के आये, जिसमें से एक ने खुशीराम का बैग पीछे से छीन लिया, जिसमें खुशीराम के पचास हजार रूपये और ए0टी0एम0 कार्ड, आधार कार्ड था। खुशीराम उन लड़को से बैग मांगा तो नहीं दिये, तब खुशीराम मोबाईल से उनका विडियो बनाने लगा तो दोनों लड़के खुशीराम से हाथ मुक्का से मारपीट कर मौदहापारा तरफ भाग गये । घटना की रिपोर्ट पर कल थाना कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध धारा 394 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया । विवेचना दरम्यान दोनों संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसमें उन्होने लूट की वारदात करना कबूल किये हैं। आरोपी दीपक पिता राम सिह उम्र 21 वर्ष निवासी जेलपारा चौकी जूटमिल, संजोग कुमार निराला पिता स्व. बरसाती निराला उम्र 30 वर्ष निवासी मौधापारा चौकी जूटमिल को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर भेजा गया है।

पटवारियों को भुईयां सॉफ्टवेयर के नवीन परिवर्तन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

न्याय साक्षी/रायगढ़। रायगढ़ तहसीलदार श्रीमती शिवानी जायसवाल ने आज सृजन सभाकक्ष में भुईयां सॉफ्टवेयर के कुछ नवीन परिवर्तन के संबंध में पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें तहसील रायगढ़ के समस्त पटवारियों ने भुईयां सॉफ्टवेयर के संबंध में जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण में तहसीलदार द्वारा बतया गया कि भुईयां सॉफ्टवेयर में जो भी परिवर्तन हुए है वे भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत किए गए है तथा इसे आम जनता के हितों का संरक्षण करते हुए ध्यान में रखकर किसानों एवं आम जनता को लाभ देने के लिए ही बनाया गया है। उन्होंने पटवारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि भुईयां सॉफ्टवेयर के कुल 66 प्रकार की क्रियाएं है जिनमें से सिर्फ तीन प्रकार के क्रियाओं में ही परिवर्तन किया गया है। उन्होंने ऑनलाईन की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी देते हुए भुईयां सॉफ्टवेयर के प्रत्येक बिन्दुओं के बारे में हल्का पटवारियों को एक-एक करके जानकारी दी। साथ ही पटवारियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

जूटमिल, कोतरारोड़ व पुसौर पुलिस ने लगाया चलित थाना

» बैठक में ग्राम रक्षा समिति का किया गया गठन

न्याय साक्षी/रायगढ़। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन पर जनता एवं पुलिस के मध्य नियमित संवाद स्थापित करने एवं जनता के मध्य पुलिस की विश्वसनीयता में वृद्धि करने के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शहरी एवं अर्द्धशहरी क्षेत्रों में ''जनमित्र योजना'' तथा ग्रामीण क्षेत्रों में ''ग्राम रक्षा समिति'' के गठन करने का कार्य जिले के सभी थानाक्षेत्र में प्रारंभ किया गया है ।

इसी क्रम में गत दिनों से थाना/चौकी प्रभारी अपने क्षेत्र में चलित थाना लगाकर लोगों की समस्याओं की जानकारी लेकर साईबर क्राईम, ऑन लाईन ठगी, चिटफंड कंपनियों की ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध, महिलाओं के विरूद्ध घटित होने वाले अपराध के तरीके तथा उससे बचने के उपाय बतायें जा रहें है । जिसका मकसद पुलिस और आमलोगों के बीच परस्पर संबंध को और मजबूत करना है। थाना प्रभारियों द्वारा ग्रामवासियों को सामाजिक बुराईयों, अवैध शराब, सट्टा, जुआ, अवैध गांजा विक्रय आदि के विरूद्ध समाजिक सहयोग के जरिये प्रभावी कार्यवाही कर क्षेत्र से समाप्त करने का आश्वासन देते हुए सहयोग की अपील की जा रही है। 07 मई को चौकी प्रभारी जूटमिल अंजना केरकेट्टा मिट्ठुमुड़ा वार्ड नम्बर 37 जूटमिल में ,कल जूटमिल के आमापाली एवं दर्रामुडा में तथा कोतरारोड़ प्रभारी अपने स्टाफ के साथ ग्राम गोर्रा में चलित थाना लगाकर ग्राम रक्षा समिति का गठन किया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं सीनियर एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में तत्परता सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL

HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480